भारत सरकार

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1407

30 जुलाई, 2026 को उत्तर के लिए निर्धारित

आरडीआई योजना के अंतर्गत टीडीबी द्वारा अनुदान

1407 श्री प्रवीण चक्रवर्तीः

क्या विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आरडीआई योजना के अंतर्गत प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीडीबी) की निवेश समिति के सदस्यों के नाम, पद और उनके द्वारा प्रतिनिधित्व किए जाने वाले संगठन क्या हैं;

(ख) क्या आरडीआई योजना के अंतर्गत टीडीबी से अनुदान प्राप्त करने वाली किसी कंपनी को इस समिति या टीडीबी के शासी बोर्ड में प्रतिनिधित्व करने वाले किसी संगठन से भी अनुदान मिला है और यदि हाँ, तो ऐसी कंपनियों के नाम क्या हैं; और

(ग) क्या आरडीआई के पास निवेश समिति के सदस्यों के लिए हितों के टकराव से जुड़ी कोई नीति है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) अनुसंधान, विकास और नवाचार (आरडीआई) योजना के अंतर्गत प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीडीबी) की निवेश समिति के सदस्यों के नाम, पदनाम और उनके द्वारा प्रतिनिधित्व किए जाने वाले संगठनों का विवरण नीचे दिया गया है:

क्र.सं.	नाम, पदनाम एवं संगठन	टिप्पणी
1.	**डॉ. सौरभ श्रीवास्तव** पूर्व अध्यक्ष, नैसकॉम और आईवीसीए एवं सह-संस्थापक, इंडियन एंजेल नेटवर्क	अध्यक्ष
2.	**श्री के. आर. एस. जामवाल** कार्यकारी निदेशक टाटा इंडस्ट्रीज लिमिटेड	सदस्य
3.	**डॉ. ललितेश कत्रगड्डा** संस्थापक, इंडीहुड स्वराज लैब एवं सह-संस्थापक, अवंती फाइनेंस	सदस्य
4.	**डॉ. सुधीर मेहता** संस्थापक और अध्यक्ष पिनेकल इंडस्ट्रीज एवं एका मोबिलिटी	सदस्य
5.	**श्री संजय नायक** पूर्व सीईओ और सह-संस्थापक, तेजस नेटवर्क्स लिमिटेड	सदस्य
6.	**डॉ. आनंद देशपांडे** अध्यक्ष, पर्सिस्टेंट सिस्टम	सदस्य
7.	**श्री गोपाल श्रीनिवासन** अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, टीवीएस कैपिटल्स फंड	सदस्य

क्र.सं.	नाम, पदनाम एवं संगठन	टिप्पणी
8.	**डॉ. देबाशीष भट्टाचार्जी** पूर्व उपाध्यक्ष (प्रौद्योगिकी और अनुसंधान एवं विकास), टाटा स्टील, मैनेजिंग पार्टनर, लॉयनस्टेड वेंचर्स एवं टीडीबी बोर्ड सदस्य	सदस्य
9.	**सुश्री बाला सी देशपांडे** संस्थापक पार्टनर, मेगाडेल्टा कैपिटल	सदस्य
10.	**श्री जसविंदर आहूजा** पूर्व कॉर्पोरेट उपाध्यक्ष एवं इंडिया एमडी, कैडेंस डिजाइन सिस्टम्स, इंक.	सदस्य
11.	**श्री सुधीर सेठी** अध्यक्ष चिराटे वेंचर्स	सदस्य
12.	**सचिव, प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड** बिना मतदान अधिकार के निवेश समिति के पदेन सदस्य सचिव)	सदस्य-सचिव

(ख) ऐसी कंपनियों के नाम नीचे दिए गए हैं:

परियोजना की संख्या	आईसी सदस्य का नाम	ईटीई का नाम
8	डॉ. सौरभ श्रीवास्तव	नोकार्क रोबोटिक्स प्राइवेट लिमिटेड, पुणे
		एंड्योरएयर सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड, नोएडा
		ई-टीआरएनएल एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड, महाराष्ट्र
		ध्रुव स्पेस प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद
		बिगएंडियन सेमीकंडक्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, बैंगलोर
		एस्ट्रोम टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, बैंगलोर
		पेप्ट्रिस टेक्नोलॉजीज़ प्राइवेट लिमिटेड, बैंगलोर
		सेरिजेन मेडिप्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, महाराष्ट्र
7	श्री के.आर.एस. जामवाल	नोकार्क रोबोटिक्स प्राइवेट लिमिटेड, पुणे
		एंड्योरएयर सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड, नोएडा
		तेजस नेटवर्क्स लिमिटेड, बेंगलुरु
		बिगएंडियन सेमीकंडक्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, बैंगलोर
		पेप्ट्रिस टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, बैंगलोर
		थिंकमेटल प्राइवेट लिमिटेड, चेन्नई
		मनस्तु स्पेस टेक्नोलॉजीज़ प्राइवेट लिमिटेड, ठाणे
2	श्री संजय नायक	एथर एनर्जी लिमिटेड, बेंगलुरु
		तेजस नेटवर्क्स लिमिटेड, बेंगलुरु
1	डॉ. आनंद देशपांडे	सेरिजन मेडीप्रोडक्ट्स प्रा. लिमिटेड, महाराष्ट्र
1	श्री गोपाल श्रीनिवासन	अग्निकुल कॉसमॉस प्रा. लिमिटेड, चेन्नई
1	डॉ. देबाशीष भट्टाचार्जी	नियो सीकरमेटल्स प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद
1	डॉ.सुधीर मेहता	रिप्लस इंजीटेक प्राइवेट लिमिटेड

(ग) जी हाँ, प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीडीबी) के निवेश समिति के सदस्यों के लिए हितों के टकराव संबंधी एक नीति लागू है।

*****